हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

NEWS
dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–166 : जौनपुर, सोमवार 22 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अब यूपी के किसानों को मिलेगी बारिश की सटीक जानकारी – सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कुछ जिलों में अल्प वर्षा के कारण होने वाली समस्याओं को लेकर हुई बैठक में कहा कि कम बारिश से किसी भी किसान का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को विकास खंड स्तर पर रेन गेज की संख्या बढ़ाने को कहा जिससे किसानों को वर्षा की सटीक जानकारी मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेन गेज वर्षा मापने का ऐसा यंत्र है, जिससे कम या ज्यादा दोनों तरह की वर्षा का सटीक आंकलन किया जाता है। इस आंकलन के आधार पर तैयार डाटा की जानकारी किसानों के काफी काम आ सकती है। वह फसल की बोआई को लेकर चौकन्ने रह सकते हैं और संभावित नुकसान को कम कर सकते हैं। अभी तक तहसील स्तर पर रेन गेज सिस्टम लगाए थे और अब विकास खंड स्तर पर इन्हें बढ़ाए जाने से ब्लॉक व ग्राम पंचायतों तक ज्यादा से ज्यादा अन्नदाता किसानों को वर्षा की सटीक जानकारी मिल सकेगी। मौसम का सही अनुमान अलर्ट जनजीवन के हित को सुरक्षित करता है। कमिश्नरी स्तर पर भी यंत्र स्थापित किए जाएं। उन्होंने किसानों को मौसम की सही जानकारी देने के लिए राज्य स्तर पर पोर्टल विकसित किये जाने की जरूरत पर भी बल दिया।

300 रेन गेज हो रहे संचालित उप्र मौसम विभाग के निदेशक जेपी गुप्ता के मुताबिक प्रदेश में स्वचालित और मैनुअल दोनों तरह के रेन गेज संचालित किए जा रहे हैं। रेन गेज के जरिए जान सकते हैं कि एक निश्चित स्थान पर कितने मिमी बारिश हुई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अनुमानित 300 से 400 के बीच रेन गेज यंत्र संचालित हो रहे हैं।



प्रत्येक ब्लॉक में यंत्र लगाए जाने के लिए हमें देखना होगा कि किन ब्लॉक में यंत्र लगे हैं और कहां नहीं। मौसम विभाग जारी करता है अलर्ट उत्तर प्रदेश मौसम विभाग अलग–अलग नोडल अफसरों के जरिए जिले स्तर पर प्रतिदिन, साप्ताहिक एवं सत्र स्तर पर मौसम का बुलेटिन जारी करता है। वहीं, ब्लॉक स्तर पर भी विभाग की ओर से मौसम का पूर्वानुमान जारी किया जाता है। हालांकि, ब्लॉक स्तर पर रेन गेज बढ़ाए जाने पर एक निश्चित स्थान पर वर्षा का सटीक आंकलन किया जा सकेगा। यह है रेन गेज दिनभर में होने वाली बारिश को एक यंत्र के माध्यम से मापा जाता है, जिसे रेन गेज या वर्षामापी यंत्र कहते हैं। रेन गेज यह बताता है कि एक निश्चत स्थान पर निश्चत समय में कितने मिमी वर्षा हुई है। इसकी मदद से किसी निश्चित स्थान की भौगोलिक परिस्थितियां मालूम हो जाती हैं। मसलन, अगर साल में किसी स्थान पर 8 इंच से कम बारिश होती है तो वह स्थान रेगिस्तान सरीखा कहलाता है। इससे वहां होने वाली कृषि पैदावार के बारे में अनुमान लगाया जाता है। ऑटोमेटिक रेन गेज से रियल टाइम डाटा जैसे तापमान, वर्षा व आर्द्रता आदि आंकड़ों को भी प्राप्त किया जा सकता है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मेडिकल स्टोर संचालक का मिला शव

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गुलरिया थाना क्षेत्र के बेलवा रायपुर के जोगीबीर टोला स्थित एक मकान से फैलती बदबू की सूचना ग्राम प्रधान ने पुलिस को दिया। मुकामी पुलिस पहुंची और दरवाजा तोड़ कर घर के कन्दर दाखिल हुई तो मेडिकल स्टोर संचालक का शव विस्तर पर पड़ा था। छत की कुण्डी और गले में बंधी रस्सी टूट हुई थी। कूलर चल रहा था और मोबाइल पास में पड़ा था। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपराइच थाना क्षेत्र के मुगलपुरा निवासी भगवती गुप्ता पुत्र रंगीलाल गुप्ता 26 वर्ष, कुशीनगर जनपद के अहिरौली इलाके के सखौली गांव में मेडिकल स्टोर चलाते था। गुलरिहा थाना क्षेत्र के बेलवा रायपुर के जोगीबीर टोला में नया मकाम बनवा रहे थे। घरवालों का कहना है कि मृतक का परिवार से बहुत तालमेल नहीं था पत्नी मीरा देबी मयके में रहती थी। मृतक का जहाँ शव मिला है वही रहता था। चार भाईयों में सबसे बड़ा है। एक वर्ष पहले झुगिया निवासी चन्द्रिका प्रसाद की बेटी मीरा देबी से हुआ था। हल्का दरोगा चन्द्रभान सिंह ने बताया कि शव तीन चार दिन पुराना लग रहा है। प्रथम दृष्टिया आत्महत्या का मामला लग रहा है। पयिजों ने भी फांसी लगा कर आत्महत्या करने की सूचना दी है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, रिपोर्ट आनके बाद उचित कार्रवाई की जायेगी।

## कच्चा मकान गिरने से एक व्यक्ति की दबकर मौत

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : धुरियापार कस्बे में रविवार को खपरैल के मकान गिरने से उसमें दबकर 48 वर्षीय मुन्ना अंसारी नामक व्यक्ति की मौत हो गई।आनन फानन में ग्रामीण इकट्ठा हुए और मलबे को हटाकर शव को बाहर निकाला गया। मौके पर उरुवा पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार उरुवा थाना क्षेत्र के ग्राम धुरियापार निवासी 48 वर्षीय लाल मोहम्मद उर्फ मुन्ना पुत्र स्व दोबरी अपने खपरैल के मकान में परिवार के साथ रहते थे। जो मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते थे। रविवार को वह दोपहर में खपरैल के बरामदे में सोए हुए थे। लगभग डेढ़ बजे खपरैल का मकान अचानक से भर भराकर गिर गया। जिसके नीचे वह दब गए। घर गिरने के आवाज सुनकर आस पास के लोगों ने तुरंत मलबा हटाना शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद मुन्ना को लोगों ने मलबे से बाहर निकाला। आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरुवा लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरे हिस्से में रहने के कारण परिवार के अन्य लोगों की बची जान । परिवार के लोगों ने बताया कि घटना से आधे घंटे पहले अभी लोग बरामदे में तख्ते पर सभी लोग बैठे थे।



लाल मोहम्मद घर पहुंचे तो सबसे कहा कि तुम लोग अंदर जाओ हमको सोना है। जिसके बाद लाल मोहम्मद वहीं सो गए। जिससे अन्य लोग घर के दूसरे हिस्से में थे। जिसके कारण वह सभी सुरक्षित बच गए। परिवार के ऊपर आई बड़ी आफत। लाल मोहम्मद के मृत्यु के बाद परिवार के ऊपर भारी संकट आ पड़ा है। क्योंकि वही मजदूरी करके अकेले परिवार का भरण पोषण करते थे। वह अपने पीछे अपनी पत्नी हसीबुन्निशा, चार पुत्री 25वर्षीय रुक्सार, 23वर्षीय रुकसाना, 16वर्षीय अफसाना, 14वर्षीय सुहाना, व दो पुत्र 18वर्षीय रुस्तम, 13वर्षीय जावेद, को छोड़कर चले गए। दो बड़ी पुत्रियों की शादी हो चुकी है। जो घटना के वक्त घर पर मौजूद थी। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। परिवार में कमाने वाला यही एकमात्र व्यक्ति था। कई बार प्रधानमंत्री आवास के लिए किया था आवेदन। मृतक व्यक्ति ने कई बार ग्राम प्रधान से पक्के आवास के लिए आवेदन किया था लेकिन उसका आवास स्वीकृत नहीं किया गया। खराब और लाचार सिस्टम से एक व्यक्ति अपनी पक्की आवास के लिए तरस गया और नियति ने उसे उस जर्जर मकान में ही उसकी मौत लिख दी । रविवार को अंततः सौ साल पुराना मकान ढह गया और उसमें दबकर मुन्ना की मृत्यु हो गई।

## पीयू की परिसर परीक्षाएं शुरू : सचल दल का परीक्षा कक्षों में चला सघन तलाशी अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में परिसर के समस्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं प्रारम्भ हो गयी हैं। आई बी एम एवं इंजीनीरिंग संस्थान में केंद्राध्यक्ष द्वय डॉ रसिकेश एवं डॉ मनीष प्रताप सिंह ने परीक्षाओं में सघन तलाशी अभियान के साथ शुरू करायी। आई बी एम भवन में सचल दल में प्रो. देवराज सिंह एवं डॉ सुनील कुमार ने सभी परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। आंतरिक सचल दल व सहायक केंद्राध्यक्ष श्री सुशील कुमार , श्री प्रमेन्द्र विक्रम सिंह एवं श्री प्रभाकर सिंह के साथ डॉ झांसी मिश्रा , सुश्री श्रुति श्रीवास्तव , श्री मनोज त्रिपाठी , श्री अनुपम कुमार सहित सभी ने हर छात्र – छात्रा की सघन तलाशी ली। लगभग 800 छात्रों जिसमे एमबीए , एच आर डी , बी ई ,वित्तीय अध्ययन , व्यवसाय प्रबंध , मास कॉम , एप्लाइड साइकोलॉजी , रज्जू भैया संस्थान के छात्रों ने आई बी एम केंद्र के दोनों पालियों में परीक्षा दी । केंद्राध्यक्ष डॉ रसिकेश ने



बताया कि कुलपति प्रो.निर्मला एस मौर्य के निर्देश हैं की परीक्षा की सुचिता व गोपनीयता का कड़ाई से पालन हो।

## जालिम के खिलाफ आवाज बुलंद करना ही इंसानियत– मौलाना फजले मुमताज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ए.एम.सनबीम स्कूल,ऊर्दू बाजार मे अहसन अब्बास मरहूम के इसालेसवाब की मजलिसे तरहीम को संबोधित करते हुए मौलाना फजले मुमताज खान ने कहा की इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान मे अपनी शहादत इंसानियत के लिए पेश की उन्होने दुनियाँ के मजलुमो को यह राह दिखाई की वो दुनियाँ के हर जालिम के खिलाफ आवाज बुलंद करे मुसलमानो को कर्बला वालों की शाहादत से सीख लेना चाहिए मजलुम का सहारा बनना चाहिए दीन तब ही किसी को मोमिन बनाता है जब उसका अकीदा उसकी रूह(आत्मा)मे दाखिल हो जाये तब वह दुनिया की मोहब्बत छोड़ कर दीन पर सब कुछ कुर्बान करने को तैयार हो जायेगा यह जजबा कर्बला के शहीदो मे था उन्होने ने अपना सब कुछ इस्लाम पे कुर्बान कर दिया,इमाम हुसैन और उनके कुनबें पे जालिमों ने जो जुल्म किये उसे जब ब्या किया तो वहा उपस्थित सभी की आँखे नम हो गयी,मजलिस मे सोजखानी डा,एबाद अली ने किया अंजुमन कौसरिया रिजवीं खां ने पूरदर्द नौहा पेश किया,इस मोके पे कसीर तादात मे मोमनीन मौजूद रहे मुख्य रूप से नजमुल हसन नजमी,हाजी नसीम हसन,सय्यद



अब्बास हुसैन,मिर्जा हसनैन, नाजिम हुसैन, नकी हसन, शबीह अब्बास, ए.एम. डेजी, मुसतफाध शम्सी ,मिर्जा रूशैद, नजमी रिजवीं, तालिब रजा शकील, मौलाना शाने आलम, मौलाना सैयद मो.दानिश,सरदार हुसैन,बेलाल जानी, सरफराज अहमद, सेराज अहमद दरोगा, अरविंद कुमार, शाहिद हुसैन गुड्डू,वसीम हुसैन मास्टर, इरशाद हुसैन जैदी, नसिर रजा, बाबू, एजाज हुसैन, मासूम हुसैन, परवेज हुसैन, शाहिद मेंहदी, असलम नकवी थे बानिये मजलिस शकील अहमद, तहसीन अब्बास ने आये हुए सभी मोमनीन का शुक्रिया अदा किया ।

## ग्राम प्रधान पर नाली निर्माण न करवाने व विकास कार्यों में धांधली करने का आरोप लगाते हुए ग्रमीणों ने किया प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकासखंड रामपुर के ग्राम पंचायत भानपुर के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की मनमानी से अजीज आकर ग्राम प्रधान के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और विकास कार्यों में धांधली करने का आरोप भी लगाए हैं। जानकारी के अनुसार विकासखंड रामपुर के ग्राम पंचायत भानपुर के ग्रामीण सोमवार की दोपहर गांव के अजीत कुमार की अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने भानपुर से होकर गुजरने वाली सुरेरी रामपुर मार्ग पर ग्राम प्रधान के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान विजय बहादुर पटेल हम लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो ग्राम प्रधान से गांव के हरिजन बस्ती के गंदे पानी की निकासी व नाली बनवाने के लिए कई बार कहा गया,लेकिन ग्राम प्रधान के कान पर जूं तक नहीं रेंगा, जिसके कारण बस्ती के प्रत्येक घरों के सामने गंदा पानी इकट्ठा रहता है,जिससे तरह–तरह की बीमारियों के फैलने का भी खतरा बना रहता है। जिसकी शिकायत करने के बाद जब ग्राम प्रधान द्वारा नाली निर्माण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो ग्रामीणों ने सोमवार की दोपहर इकट्ठा होकर ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान विजय बहादुर पटेल विकास कार्यों में धांधली कर मनमानी तरीके से सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। गांव का विकास सिर्फ कागजों पर चल रहा है। जिसकी शिकायत होने के बावजूद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई पहल न किए जाने से ग्राम प्रधान का मनोबल और मजबूत हो रहा है, और ग्राम पंचायत में विकास के लिए आये सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में राजेश, भागवत, विक्रमा, मुकेश, , देवेंद्र लाल, फोटो देवी, विमला,जोगनाथ, हीरावती, चंदा, प्रभावती, महेंद्र, शिव कुमार, उमाशंकर, विद्या देवी, शकुंतला, रिता देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे इस संबंध में खंड विकास अधिकारी रिचा सिंह ने बताया प्रदर्शन की जानकारी नहीं है शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जाएगी।

## बीईओ ने चार विद्यालयों का किया निरीक्षण : प्राथमिक विद्यालय पहेतिया में शैक्षणिक गुणवत्ता और सुधारने का दिया निर्देश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीईओ धर्मापुर अरविंद कुमार यादव ने चार परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में बीईओ ने प्राथमिक विद्यालय पहेतिया के प्रधानाध्यापक को शैक्षणिक गुणवत्ता और सुधारने का निर्देश दिया।सोमवार को बीईओ धर्मापुर अरविंद कुमार यादव ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय उत्तरगावा व प्राथमिक विद्यालय मुसहर बस्ती उत्तरगावा में निरीक्षण करने पहुचे दोनो विद्यालयों पर सभी शिक्षक उपस्थित व अपने– अपने कक्षाओं में शैक्षिक कार्य करते हुए मिले। वहा से बीईओ प्राथमिक विद्यालय सरैया पहुचे जहां पर निरीक्षण करने के दौरान विद्यालय के स्टाफ द्वारा हाल ही में डोर टू डोर संपर्क कर के दस नए बच्चो का एडमिशन होया पाया गया। जिस पर बीईओ ने प्रधानाध्यापिका संगीता राय व उनके स्टाफ की प्रशंसा की। वहाँ से बीईओ प्राथमिक विद्यालय पहेतिया पहुचे जहां पर शिक्षक तो सभी उपस्थित मिले लेकिन शैक्षिणक गुणवत्ता और ज्यादा सुधारने का निर्देश विद्यालय के प्रधानाध्यापक को दिया गया। निरीक्षण के संदर्भ में बीईओ अरविंद कुमार यादव ने बताया कि चार विद्यालयों का निरीक्षण किया गया है। जिसमे चारो विद्यालयों के समस्त शिक्षक उपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय पहेतिया में शैक्षणिक गुणवता कम दिखी जिस पर वहां के प्रधानाध्यापक व शिक्षको को और सुधार करने का निर्देश दिया गया है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की वार्षिक प्रतिनिधि सभा आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ।अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, लखनऊ का वार्षिक प्रतिनिधि सभा हरिहरपुर, लखनऊ कैंट में आयोजित की गई। सभा में मुख्य अतिथि कर्नल एल के तिवारी सहित



विशिषट अतिथियों में कर्नल एस बी सिंह, कर्नल आर वी सिंह, मेजर बी एस तोमर, मेजर आनन्द टंडन और कैप्टन इन्दल सिंह चंदेल लखनऊ शामिल हुए। इसके अलावा लगभग 60 सदस्य एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभा का संचालन सूबेदार मेजर बी एल वर्मा ने किया साथ ही संगठन के बारे में सबको जानकारी भी दी।मेजर आनन्द टंडन ने संगठन की आवश्यक्ता और इसके विस्तार का तरीका बताया। सभी भाग के संयोजकों ने विगत वर्ष मे किये गये कार्यों का विवरण दिया। कर्नल एस बी सिंह, कर्नल आर वी सिंह और मेजर तोमर ने भी अपने अनुभव बताये। तदुपरांत कैप्टन इन्दल सिंह चंदेल, अध्यक्ष, लखनऊ ने अपने कार्य कारिणी की घोषणा की। समापन उदबोधन में कर्नल एल के तिवारी ने संगठन हित में बहुपयोगी बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। अन्त में बी एल वर्मा

## रोडवेज बस दूकान मे घुसी : लाखों का नुकसान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर प्रयागराज मार्ग पुरऊपुर गांव के पास रोडवेज बस अनियंत्रित होकर किराना और कपड़े की दूकान मे घुस गई जिससे दो दूकाने पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।बस में सवार कई यात्रियों को मामूली चोट आई जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना रविवार की रात 11 बजे की है।पुरऊपुर गांव मे नहर के पास सड़क पर ही बब्लू मौर्या की कपड़े व दिनेश मौर्या की किराना की दूकान है।तीन दर्जन से अधिक यात्रियों को लेकर प्रयागराज से गोरखपुर जा रही सिविल लाईंस डिपो की बस अनियंत्रित होकर दूकानो मे घुस गई जिससे यात्रियों मे अफरातफरी मच गई।रोडवेज चालक सहित आधा दर्जन यात्री जख्मी हो गये।तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़ पड़े और एक एक यात्रियों को बाहर निकाला कई यात्रियो को चोटे आई जिन्हें स्थानीय इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।पुलिस को सूचना मिली तो वह भी मौके पर पहूंची और यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य की ओर रवाना किया। दूकान मालिकों के मुताबिक उनकी दूकाने क्षतिग्रस्त हो गई और करीब लाखो का नुकसान हुआ है।

## चोरों ने दो घरों से नकदी सहित लाखों का आभूषण किया पार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बनुआडीह गाँव में रविवार की रात चोरों ने अलग अलग बस्तियों में दो घरो को निशाना बना दिया। दोनों जगहो से चोर 62 हजार नकदी के अलावा लगभग डेढ़ लाख के आभूषण उठा ले गए। घटना की जानकारी दूसरे दिन सुबह होने पर पीड़ितो ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ अलग अलग तहरीर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। गाँव निवासी ओंकार दूबे के मकान के पीछे से सेंधमारी कर घुसे चोर कमरे मे रखा बाक्स तोड़ उसमें से 30 हजार नकदी और सोने का हार, मांगटीका, मंगलसूत्र और चांदी का छागल उठा ले गए। इसी तरह उनके बगल बस्ती में फूलचंद्र विश्वकर्मा के घर में भी नकब लगाकर चोर बाक्स में रखा 32 हजार नकद व सोने की झाली, लाकेट और चांदी का पायल पार कर दिए। दोनों परिवारो के लोग बाहर सोते रह गए। उन्हे रात में चोरों की भनक तक नहीं लग सकी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

मुस्कान से समस्या सुलझ सकती है लेकिन मौन से समस्या को आनें से रोक सकते हैं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# ईश्वर और जीवन–यात्रा

ईश्वर को मानो या न मानो, यह आपको ही सुनिश्चित करना है। ईश्वर है? या नहीं है? इसे न तो स्वीकार किया जा सकता है न नकारा जा सकता है,क्योंकि दोनों के पक्ष में तर्क हैं। किसी का दावा या अनुभव है कि, ईश्वर है, तो यह उसका अनुभव हो सकता है। उसके इस अनुभव की प्रामाणिकता के लिए वह स्वयं ही प्रमाण है। परन्तु वह किसी अन्य को ईश्वर का साक्षात्कार करा देगा, इस प्रकार का उसका हर प्रयास असफल ही होगा। आज तक कोई ऐसी साधना विकसित नहीं हो सकी है, जिसके माध्यम से ईश्वर का साक्षात्कार किया जा सकता हो। हमारे पूर्वाचार्यों का यही मन्तव्य रहा है कि, परमात्मा का साक्षात्कार किसी साधना से संभव नहीं है, परमात्मा ही जिसे चाहता है, जिसका वरण करता है, जिसे योग्य समझकर चुनता है, उसको अपने रूप का दर्शन करा देता है। मुण्डकोपनिषद् के तृतीय मुण्डक के खण्ड 2 के श्लोक 3 के माध्यम से उक्त को समझा जा सकता है–

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम्

यह 'आत्मा' प्रवचन द्वारा लभ्य नहीं हैं, न ही मेधा–शक्ति और न शास्त्रों को बहुत अधिक जानने–सुनने से प्राप्य है। केवल वही 'उसे' प्राप्त कर सकता है जिसका 'यह वरण करता हैय केवल उसके प्रति ही यह 'आत्मा' अपने स्वरूप का उद्घाटन करता है।

हमारे शास्त्रों की त्रुटिपूर्ण व्याख्या के आधार पर जीवन से पलायन की प्रवृत्ति को शास्त्रीय आधार देने का प्रयास करते हुए लोगों ने हमारी त्यागपूर्वक उपभोग की सोच पर कुठाराघात किया है और तर्क को दरकिनार करते हुए श्रद्धा का दोहन किया है। इस दोहन का परिणाम हुआ कि, संसार की खूबसूरती के प्रति उपेक्षात्मक दृष्टिकोण को सोच और आचरण में सम्मानजनक स्थान मिला। लोग उत्पादक के स्थान पर उपभोक्ता बनना ही जीवन का उद्देश्य समझने लगे।

हमारी एक व्यवस्था थी कि, संन्यासी को अग्नि का स्पर्श नही करना चाहिए, उसे शरीर यात्रा के निर्वहन हेतु दोनों हाथों की अंजुरी में जितना खाद्य पदार्थ मिल जांय उतने से ही अपनी क्षुधा की पूर्ति कर ले। इसके पीछे एक सोच थी कि वृद्ध व्यक्ति न तो अन्न उत्पादन की क्षमता रख पाता है न वह आग जला सकता है, ऐसे में संन्यासियों के लिए आग के स्पर्श और अन्नादि के उत्पादन की प्रक्रिया से दूर रखा गया है।

कालान्तर में उक्त व्यवस्था को युवासंन्यासियों ने भी आत्मसात कर लिया और हाथों की अंजुरी के स्थान पर मठों को स्थापित कर दिया । संन्यासियों ने भिक्षाटन को शरीरयात्रा के माध्यम के स्थान पर जीवन–यात्रा के माध्यम के रूप में अपना लिया। ऐसे ही अनेक उदाहरण हैं,जहां हमारी व्यवस्था,जीवन यात्रा को यशोमय ढङ्ग से अर्जित शुभके माध्यम से आनन्दमय करने के उद्देश्य से विहित थी, लोगों ने उसे जीवन–यात्रा को काटने के साधन के रूप में परिवर्तित कर दिया है।

जीवन–यात्रा के उद्देश्य को ही बदल कर रख दिया है। परमात्मा ने समय–समय पर विभिन्न रूपों में अवतरित होकर जीवनयापन की विधियों को अनुकरणीय ढङ्ग ही समझाने का उपक्रम किया है। ऐसे में हम अनावश्यक रूप से जीवन–यात्रा को बोझ समझकर इसे काटने की दृष्टि से सम्पन्न करने का उपक्रम करेगें तो यह जीवन–यात्रा के प्रति ही नहीं अपितु परमात्मा के प्रति भी द्रोह होगा।

उक्त के दृष्टिगत यही समुचित है कि हम परमात्मा को किसी स्थान विशेष पर खोजने या समझने या परमात्मा के साक्षात्कार की अभिलाषा को विराम देते हुए यशोमय ढङ्ग से अर्जित शुभके माध्यम से आनन्दमय जीवन यात्रा सम्पन्न करें, क्योंकि परमात्मा भौतिक रूप से हो या न हो, परन्तु वह हमारी मनोवैज्ञानिक आवश्यकता है, इस रूप में उसकी उपस्थिति के प्रति विश्वास रखना हमारी मनोवैज्ञानिक आवश्यकता है, मजबूरी है। हम परमात्मा की व्यवस्था में विश्वास रखते हुए नियत–कर्म करते रहें।

जीवन–यात्रा निरन्तर गतिमान है, ऐसे में नियतकर्म के माध्यम से ही हम जीवन–यात्रा को यशोमय ढंग अर्जित शुभ के माध्यम से आनन्दमय कर सकते हैं, जीवन–यात्रा से पलायन की सोच और आचरण कोई विकल्प नहीं है।

आपका जीवन–पथ यशोमय ढंग अर्जित शुभ के माध्यम से आनन्दमय हो, इसी कामना के साथ शुभमय प्रभात की प्रत्याशा में

–शिवशंकर द्विवेदी,
संयुक्त सचिव से.नि. उत्तर प्रदेश शासन।

## सैकड़ों पशु लंपी स्किन रोग की चपेट में : पशुपालन विभाग में मची खलबली

अलीगढ़ ब्यूरो : जिले के टप्पल एवं चंडौस ब्लॉक के करीब 10–15 गांवों में इन दिनों पशुओं पर लंपी स्किन डिजीज (एलएसडी) का खासा प्रकोप देखने को मिल रहा है। जिसके कारण पशुपालन विभाग में खलबली मच गई है। रविवार को लखनऊ से पशुपालन विभाग के डायरेक्टर डॉ. पीके सिंह ने दोनों ही ब्लॉकों के पीड़ित गांवों के पशुओं का हाल–चाल जानने



के साथ ही पशु पालकों से इसकी जानकारी ली है। निदेशक ने बताया कि पशुओं को इस रोग से बचाने के लिए जल्द ही वैक्सीन मंगायी जा रही है। अभी तक लंपी वायरस का प्रकोप राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र आदि राज्यों में देखने को मिल रहा था। अब यह बीमारी राजस्थान के रास्ते अलीगढ़ भी आ पहुंची है। इससे अब तक करीब 300 पशु संक्रमित हो चुके हैं। खासकर गोवंश इससे अधिक पीड़ित हो रहे हैं। खैर ब्लॉक के खेड़ा दयालनगर, मोहसिनपुर, नारायणपुर, सिद्धगढ़ी, गौमत, सोफा, सोफा नगरिया, निबसानी, साथना, श्यामराज, बहरौला, कुरावन आदि के अलावा चंडौस ब्लॉक के पिसावा क्षेत्र में बड़ी संख्या में पशु बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। पशुपालन विभाग की टीमें लगातार इन गांवों में सक्रिय है और बीमार पशुओं का उपचार कर रही हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. बीपी सिंह के अनुसार यह बीमारी गायों की सभी प्रजातियों में है। दूध देने वाली गायों की इम्यूनिटी थोड़ी कम होती है, इसलिए लंपी वायरस सबसे पहले दूध देने वाली गायों को अपना शिकार बनाती है। छोटे बछड़ों पर यह कहीं घातक होती है। जर्सी नस्ल की गाय में यह बीमारी जानलेवा होती है। भारतीय प्रजाति की जेबू कैटल गायों में यह जानलेवा नहीं होती। यह बीमारी हवा में नहीं फैलती है। छींकने, थूक या लार और साथ में चारा खाने एवं पानी पीने से यह बीमारी नहीं होती है। एक गाय के खून से दूसरे गाय के खून में फैलती है। इसलिए इंजेक्शन की सुई को दूसरी गाय के उपयोग में नहीं लाएं ।

## किसानों की उन्नति प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है– रजनी तिवारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विकासखंड टोडरपुर के परिसर में खरीफ गोष्ठी के अंतर्गत कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषि जागरूकता कार्यक्रम में माननीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी जी के द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राम बाबू त्रिवेदी एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्याम बाबू त्रिवेदी, उप कृषि निदेशक नंदकिशोर, उप जिलाधिकारी धीरेंद्र श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी टोडरपुर बृजेश कुमार एवं सभी सम्मानित जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं सम्मानित प्रधान तथा दूर–दूर गांव से आए हुए ग्रामीणों ने इस गोष्ठी का लाभ उठाया। माननीय राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी द्वारा कृषकों को नीम के पेड़, सोलर पंप व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के प्रमाणपत्र, स्प्रे मशीन तथा ट्राइकोडर्मा एवं व्यूवेरिया वेसियाना का वितरण किया।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए बहुत से उपाय किये हैं। किसानों की उन्नति शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। किसानों को नई तकनीकों से लगातार सुसज्जित किया जा रहा है। उपनिदेशक नंदकिशोर ने कहा कि किसानों को आवश्यक मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। मिट्टी की जाँच करा लेना बेहतर परिणाम दे सकता है। उन्होंने कृषकों को जैविक खाद के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक अनुदान देकर उन्नत प्रजाति के बीज वितरित किये जा रहे हैं। प्राकृतिक आपदा की दशा में फसल बीमा योजना के अंतर्गत क्षतिपूर्ति भी करायी जाएगी। किसान भाई 25 अगस्त तक केवाईसी अवश्य करा लें। इस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा ने कहा कि इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य है कि किसानों की आय बढ़ाना और उपज की उत्पादकता बढ़ाना है। किसान खुद को व्यवसाई और कृषि को व्यवसाय के रूप में लें। खेत किसानों की फैक्ट्री है। जिस प्रकार उद्यमी अपनी फैक्ट्री को बंद नहीं रखता है उसी प्रकार किसान को अपना खेत लंबे समय तक खाली नहीं छोड़ना चाहिए। सभी किसान साल में तीन चार फसल जरूर ले। बीडीओ बृजेश कुमार मिश्रा ने





कहा कि चीनी मिल से निकले प्लेसमेंट अवशेष को पोटाश की पूर्ति हेतु इस्तेमाल किया जाए किसान परंपरागत खेती के साथ फलो व फूलो, औषधियों की खेती और बागवानी कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। किसान मुर्गी पालन, बकरी पालन, गाय और भैंस पालन करके भी अपनी आय बढ़ा सकते हैं। कस्टम हायरिंग सेंटर में लेजर लैंड लेवलर को बढ़ावा दिया जाए। फसल अवशेष प्रबंधन हेतु उपयोगी कृषि यंत्रों को समूहों को उपलब्ध कराया जाए तथा निर्धारित किराए पर किसानों को उपलब्ध कराया जाए शासन द्वारा हर जिले में दो–दो स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है जिससे स्प्रिंकल विधि से रसायनों दवाओं का छिड़काव हो सके शासन द्वारा प्रत्येक जिले में दो–दो हाईटेक नर्सरी लगाने लगाए जाने की भी व्यवस्था की जा रही है। जिससे किसानों को अच्छे उत्पादकता वाले पौधे उपलब्ध हो सकेंगे। किसान भाई बीज शोधन करके ही बुवाई करें उसे रोक लगने की संभावना नहीं रहती है और उत्पादकता में वृद्धि होती है।

## मेडिकल कॉलेजों में जल्द दूर होगी विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में जल्द ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर होगी। ये संभव होगा राजकीय मेडिकल कॉलेजों एवं चिकित्सा संस्थानों से एमडी, एमएस और डिप्लोमा की डिग्री हासिल करने वाले मेडिकल छात्रों की बॉन्ड के तहत दो साल की नियुक्ति से। ये डॉक्टर सीनियर रेजिडेंट के रूप में कार्य करेंगे। इस संबंध में गाइडलाइन जारी कर दी गई है। जिन विषयों में पीजी उत्तीर्ण छात्रों की संख्या सीनियर रेजीडेंट के रिक्त पद के सापेक्ष कम है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर नए मेडिकल कालेजों में तैनात किया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय की ओर से पीजी के वर्ष 2018–19 और डिप्लोमा के 2019–20 बैच के छात्रों को शासकीय बॉन्ड के तहतविभिन्न मेडिकल कॉलेजों में तैनात करने से क रीब एक हजार से अधिक सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर मिल जाएंगे। इससे मेडिकल कॉलेजों में मरीजों को समुचित चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। महानिदेशालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि



2018 बैच के जो छात्र अपनी वर्तमान सीट में परिवर्तन कराना चाहते हैं, उन्हें भी मौका दिया जाएगा। इसी तरह एसजीपीजीआई के 2019 बैच के जिन अभ्यर्थियों को संस्थान में तैनात कर लिया गया है, उन्हें काउंसिलिंग में मेडिकल कॉलेजों में नहीं भेजा जाएगा।

## खुशहाल परिवार के लिए संबंधों में सद्भाव जरूरी –अम्बरीष कुमार सक्सेना

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : एस आर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित खुशहाल परिवार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिव सत्संग मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि खुशहाल परिवार के लिए संबंधों में सद्भाव आवश्यक है।छोटा परिवार सुखी परिवार समाज में शांति स्थापित करता है। उन्होंने बताया कि परिवार एक ऐसी सामाजिक संस्था है जो आपसी सहयोग व समन्वय से क्रियान्वित होती है और जिसके समस्त सदस्य आपस में मिलकर अपना जीवन प्रेम, स्नेह एवं भाईचारापूर्वक निर्वाह करते हैं। संस्कार, मर्यादा, सम्मान, समर्पण, आदर, अनुशासन आदि किसी भी सुखी–संपन्न एवं खुशहाल परिवार के गुण होते हैं। कोई भी व्यक्ति परिवार में ही जन्म लेता है, उसी से उसकी पहचान होती है और परिवार से ही अच्छे–बुरे लक्षण सीखता है। परिवार सभी लोगों को जोड़े रखता है और दुःख–सुख में सभी एक–दूसरे का साथ देते हैं। परिवार से बड़ा कोई धन नहीं होता हैं, पिता से बड़ा कोई सलाहकार नहीं होता हैं, मां के आंचल से बड़ी कोई दुनिया नहीं, भाई से अच्छा कोई भागीदार नहीं, बहन से बड़ा कोई शुभ चिंतक नहीं इसलिए परिवार के बिना जीवन की कल्पना करना कठिन है। एक अच्छा परिवार बच्चे के चरित्र निर्माण से लेकर व्यक्ति की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।यहां प्रबंधक सैय्यद रईस अली एवं



विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। उधर नेहरू म्युनिसिपल कन्या इंटर कॉलेज में खुशहाल परिवार पर विचार व्यक्त करते हुए श्री सक्सेना ने कहा कि किसी भी सशक्त देश के निर्माण में परिवार एक आधारभूत संस्था की भांति होता है, जो अपने विकास कार्यक्रमों से दिनोंदिन प्रगति के नए सोपान तय करता है। कहने को तो प्राणी जगत में परिवार एक छोटी इकाई है लेकिन इसकी मजबूती हमें हर बड़ी से बड़ी मुसीबत से बचाने में कारगर है। परिवार से इतर व्यक्ति का अस्तित्व नहीं है इसलिए परिवार के बिना अस्तित्व के कभी सोचा नहीं जा सकता। लोगों से परिवार बनता हैं और परिवार से राष्ट्र और राष्ट्र से विश्व बनता हैं।इस अवसर पर प्रधानाचार्य नूरुल हुमा सहायक अध्यापिका बंदना दीक्षित रुचि दुबे पुष्पांजलि श्रीवास्तव वर्तिका शुक्ला उषा देवी वैशाली यादव आयशा परवीन भैरवी अग्निहोत्री शशि शुक्ला नायाब जहां समेत समस्त शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## बहराइच से वाराणसी के लिए रवाना हुई इंटरसिटी एक्सप्रेस : लोगों ने ढोल बजाकर किया खुशी का इजहार

बहराइच ब्यूरो : वाराणसी के लिए दौड़ने वाली इंटरसिटी ट्रेन का इंतजार आखिरकार आज समाप्त हो गया। सोमवार को बहराइच सांसद ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन के संचालन को लेकर जिलेवासियों में काफी हर्ष है। इसके पहले लोग यात्रा करने के लिए टिकट कराने के लिए बेताब दिखे। लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ खुशी का इजहार करते हुए ट्रेन को रवाना किया। बहराइच से वाराणसी के लिए इंटरसिटी ट्रेन चलाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। बहराइच सांसद अक्षयवरलाल गोंड ने रेलमंत्री से दिल्ली में मुलाकात कर ट्रेन चलाने की मांग की। सांसद की पहल के बाद ट्रेन का संचालन 22 अगस्त से शुरू हो गया। सोमवार की सुबह सांसद अक्षयवरलाल गोंड ने जिले के अन्य विधायकों की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस दौरान



सीनियर डीईएन मानशी मित्तल, एरिया मैनेजर गोंडा मनीष कुमार के अलावा जिले के अधिकारी मौजूद रहे।

## अब्बास अंसारी की आठ राज्यों में तलाश : लोकेशन मिलने के बाद पुलिस की सात टीमें दे रहीं दबिश

लखनऊ ब्यूरो : मऊ सदर सीट से सुभासपा के विधायक अब्बास अंसारी को लखनऊ कमिश्नरेट की पुलिस तलाश रही है। इसके लिए सात विशेष टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें अब्बास की तलाश में एक महीने से आठ राज्यों में दबिश दे रही हैं, लेकिन खाली हाथ हैं। इस टीम की मॉनिटरिंग एडीसीपी उत्तर अनिल यादव कर रहे हैं। बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी के बेटे व विधायक अब्बास अंसारी की गिरफ्तारी के लिए एमपी एमएलए की विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट ने वारंट जारी किया था। अब्बास अंसारी के खिलाफ महानगर थाने में मुकदमा दर्ज है। आरोप है कि महानगर पुलिस को पूर्व में सूचना दिए बिना ही लखनऊ से जारी डबल बैरल बंदूक के लाइसेंस को नई दिल्ली के पते पर ट्रांसफर करा लिया था। इस मामले में अब्बास के खिलाफ महानगर थाने में 2019 में तत्कालीन इंस्पेक्टर अशोक सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। एडीसीपी उत्तरी अनिल यादव के मुताबिक, अब्बास की तलाश में लखनऊ समेत कई जनपदों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। कई



टीमें लगाई गईं, पर उसका कुछ पता नहीं चला। लगातार बदल रहा लोकेशन एडीसीपी उत्तरी अनिल यादव के मुताबिक, विधायक अब्बास अंसारी लगातार लोकेशन बदल रहा है। पिछले कुछ दिनों में उसकी लोकेशन दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, हैदराबाद, उत्तराखंड, पंजाब व छत्तीसगढ़ में मिली। इसी आधार पर सात टीमों का गठन किया गया है जो इन राज्यों में दबिश दे रहीं हैं। संबंधित राज्यों की पुलिस से भी संपर्क किया गया है। पुलिस को उम्मीद है कि अब्बास को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## यूपी डीजीपी से मिला सपा का प्रतिनिधिमंडल : आजम खां सहित सभी नेताओं के मुकदमे वापस लेने की मांग की

लखनऊ ब्यूरो : समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने डीजीपी से मुलाकात कर पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां एवं अन्य नेताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर पुलिस दुर्भावना ग्रस्त होकर कार्य कर रही है। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं पर गलत तरीके से मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में विधायक मनोज पांडे, रविदास मेहरोत्रा आदि शामिल थे। अब आजम खां के अधिवक्ता पर जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट सपा नेता आजम खां के अधिवक्ता समेत तीन लोगों के खिलाफ गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। यह रिपोर्ट आजम खां के खिलाफ विचाराधीन डूंगरपुर प्रकरण के मुकदमों में से एक के वादी के भाई ने दर्ज कराई है। पूर्व में वादी द्वारा आजम खां समेत कुछ अन्य पर खुद को धमकाए जाने के आरोप की एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। अजीमनगर थाना



क्षेत्र के इमरता गांव निवासी इकरार ने सिविल लाइंस पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनके भाई अबरार हुसैन आजम खां के खिलाफ चल रहे एक मुकदमे में वादी हैं। इस मामले की सुनवाई के दौरान 18 अगस्त को वह अपने भाई के साथ कोर्ट गए थे। इस बीच एमपी–एमएलए कोर्ट के सामने गैलरी में अधिवक्ता नासिर सुल्तान तीन अन्य लोगों के साथ आए और गाली–गलौज करने लगे। इसके बाद उन्होंने जान से मारने की धमकी देकर हमें भगा दिया। इकरार का कहना है कि उनके भाई को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

## किसान के बेटे ह्देश ने एलएलएम व बिहार की उमा ने एलएलबी प्रवेश परीक्षा में किया टॉप

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) एवं संघटक महाविद्यालयों में सत्र 2022–23 के तहत दाखिले के लिए हुई एलएलबी की प्रवेश परीक्षा में उमा कुमारी दुबे, एमकॉम में आदित्य प्रजापति और एलएलम की प्रवेश परीक्षा में ह्देश पटेल ने टॉप किया है। इविवि प्रशासन ने रविवार को प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए। सिवान, बिहार की रहने वाली उमा कुमारी दुबे ने इविवि से ही बीए की पढ़ाई की और फिर एलएलबी की प्रवेश परीक्षा में सर्वाधिक 214 अंकों के साथ टॉप किया। उनके पिता कौशलेंद्र दुबे अब इस दुनिया में नहीं हैं और मां हीरा देवी सिविल कोर्ट रांची में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। एलएलबी प्रवेश परीक्षा की मेरिट में दूसरे स्थान पर अमन त्रिपाठी (208 अंक) और तीसरे स्थान पर रुशाली मिश्रा (206 अंक) रहीं। एमकॉम प्रवेश परीक्षा के टॉपर रहे आदित्य प्रजापति (190 अंक) ने बीएचयू वाराणसी से बीकॉम किया है। वह एनटीए की ओर से आयोजित होने जा रही एमकॉम की संयुक्त प्रवेश परीक्षा में भी शामिल होंगे, क्योंकि बीएचयू में इस बार एमकॉम में एनटीए के माध्यम से प्रवेश होने हैं। आदित्य ने बताया कि वह इविवि में प्रवेश लेंगे और इसके बाद संयुक्त प्रवेश परीक्षा के परिणाम का इंतजार करेंगे। आदित्य मूलतः वाराणसी के जलालीपुरा के रहने वाले हैं। उनके पिता धीरज





कुमार प्रजापति व्यवसायी और मां मीनाक्षी प्रजापति गृहणी हैं। एमकॉम की प्रवेश परीक्षा में अंशिता सिंह एवं सुभि ओझा 184–184 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अंकज कुमार गुप्ता (180 अंक) को तीसरा स्थान मिला। एलएलएम की प्रवेश परीक्षा में लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी कर चुके ह्देश पटेल ने सर्वाधिक 214 अंकों के साथ टॉप किया है। लखनऊ के रहने वाले ह्देश के पिता जय प्रकाश पटेल किसान और मां विमला पटेल गृहणी हैं। एलएलएम की प्रवेश परीक्षा में अपूर्व सिंह 212 अंकों के साथ दूसरे और श्रुति सिंह 206 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

## एक्सरे मशीन साल भर से पड़ी हुई है बन्द : एक्सरे के नाम पर मरीजों का हो रहा भारी शोषण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी एक्सरे मशीन साल भर से खराब पड़ी हुई है। जिम्मेदार अफसर बिल्कुल चुप्पी साधे हुए हैं। एक्सरे के नाम पर अस्पताल से बाहर मरीजों का भारी शोषण किया जा रहा है । अस्पताल में प्रतिदिन 500 रोगियों की ओपीडी होती है। जिनमें चिकित्सकों द्वारा तकरीबन 100 से अधिक मरीजों का एक्सरे प्रति दिन कराए जाने के लिए सलाह दी जाती है। अस्पताल की एक्सरे मशीन खराब होने के कारण ऐसे मरीज अस्पताल के सामने लगे एक्सरे मशीन पर एक्सरे कराने को मजबूर हैं! जहां उनका भारी शोषण किया जाता है। एक्स रे मशीन रखने वालों का न तो कोई रजिस्ट्रेशन है और न न तो वह स्वंय एक्सरे करने के लिए अधिकृत हैं । अप्रशिक्षित लोगों द्वारा मरीजों का एक्सरे कर उन्हें गुमराह करने का काम किया जा रहा है। हालाकी स्वास्थ्य केंद्र में लगी एक्सरे मशीन के बाबत स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश मौर्या ने बताया कि सायरेक्स नामक संस्था ने इस मशीन को कंडम भी घोषित कर दिया है। लेकिन अभी तक दूसरी एक्सरे मशीन अस्पताल में नहीं लगाई जा सकी है। एक्सरे मशीन कंडम होने की सूचना तथा नई एक्सरे मशीन लगाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजय दुबे ने पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजा है। किंतु अभी तक वह अमल में नहीं लाया जा सका है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जनपद सुल्तानपुर तथा जनपद प्रतापगढ़ की सीमा से सटे गांव के लोग भी इलाज कराने के लिए आते हैं। ऐसी दशा में एक्सरे मशीन खराब होने से मरीजों के सामने भारी समस्या गहरा गई है। कन्डम एक्सरे मशीन की जगह दूसरी मशीन लगवाने के लिए शासन को पत्र भेजा गया है! स्वीकृति मिलने पर दूसरी मशीन लगाई जाएगी!

## क्षतिग्रस्त मार्ग को ग्राम प्रधान ने अपने निजी खर्च से ईंट के टुकड़े व राबिश डालकर करवाया ठीक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सेवईनाला– जफराबाद मार्ग पर किरतापुर गांव के पास क्षतिग्रस्त व जर्जर गड्ढे युक्त मार्ग को राहगीरों की समस्याओ को देखते हुए ग्राम प्रधान ने इट के टुकड़े व राबिश डलवाकर ठीक करवा दिया। जिससे आने जाने वाले राहगीरों व वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। सेवईनाला– जफराबाद मार्ग पर किरतापुर गांव के पास लगभग 35 मीटर सड़क एकदम क्षतिग्रस्त व गड्ढे युक्त हो गई थी। आने जाने वाले राहगीर व मोटर साइकिल चालक हर गिरकर चोटिल हो रहे थे। ग्रामीणों ने उक्त जर्जर व गड्ढे युक्त सड़क को अस्थाई रूप से ठीक करवाने का आग्रह ग्राम प्रधान किरतापुर विनोद यादव से किया। जिस पर ग्राम प्रधान विनोद यादव ने अपने निजी खर्चे से उक्त जर्जर व गड्ढे युक्त सड़क पर इट के टुकड़े व राबिश डलवाकर ठीक करवा दिया। ग्राम प्रधान द्वारा इतना करवा दिए जाने से अब आने जाने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को काफी राहत हो रही है। वही ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान विनोद यादव के इस कार्य की प्रशंशा कर रहे है।

### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वाधान में विगत 7 अगस्त से अनवरत चल रहा अखंड भारत संकल्प दिवस का कार्यक्रम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वाधान में अखंड भारत संकल्प दिवस का कार्यक्रम विगत 7 अगस्त से अनवरत चल रहा है इसी क्रम में आज जफराबाद सरकोनी ब्लाक अंतर्गत मिसिरपुर गांव में अखंड भारत संकल्प दिवस का कार्यक्रम किया गया जिसके अध्यक्षता रामकेश मिश्र एवं संचालन चंद्र प्रकाश जी ने किया मुख्य वक्ता के रूप में अजय पांडे जिला अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद रहे अपने वक्तव्य में श्री पांडे ने कहा की अखंड भारत संकल्प की परिकल्पना को लेकर के हम गांव गांव ब्लॉक तहसील स्तर पर जाकर के समस्त हिंदू भाइयों को जगाने का प्रयास कर रहे हैं क्योंकि आज पूरे भारत का हिंदू जाग चुका है कुछ जो सो रहे हैं उन्हें जगाने की आवश्यकता है विवेक गुप्ता जिला मंत्री अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ,अवधेश कुमार कोषाध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ,अशोक कुमार मिश्रा, सकलदेव तिवारी, अवनींद्र नारायण मिश्र, एडवोकेट महेंद्र कुमार मिश्रा, अच्छेलाल, अंशु तिवारी, गोरखनाथ, सत्य प्रकाश मिश्रा, ओमप्रकाश, उत्कर्ष, प्रेम नारायण, चंद्र प्रकाश मिश्रा उपस्थित रहे।इसी क्रम में बक्सा ब्लॉक अंतर्गत दिलशादपुर तेजी बाजार ग्राम पंचायत के पंचायत भवन के प्रांगण में अखंड भारत संकल्प दिवस का कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता दिवाकर मिश्रा विभाग के संरक्षक अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने किया एवं संचालन चंद्रप्रकाश विभाग महामंत्री ने किया इस कारण के मुख्य वक्ता अजय पांडे जिन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व पटल



पर भारतवर्ष एक आस्था का केंद्र रहा है है और सदैव रहेगा भारतवर्ष की कल्पना करना ही महज अपनी आस्था को केंद्रित करने की स्थिति बनती है जब हम संकल्प लेते हैं उसमें बार–बार हम जम्मू दीप भारत खंड आर्यावर्त के नाम से ही संकल्प लिया करते हैं तो निश्चित रूप से आज हमें पुणे अपने गौरव गाथा गौरवशाली इतिहास की पुनरावृति करने के लिए कदम से कदम मिलाकर के चलने की आवश्यकता है और अपने भारतवर्ष को फिर से अखंड भारत बनाना है जिस प्रकार पूरे विश्व का अध्यात्मिक गुरु विश्व गुरु के रूप में भारतवर्ष था उसी प्रकार आज भारतवर्ष की संकल्पना लेकर के अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद पुनः निकला है अखंड भारत का निर्माण करने के लिए हमें अपने बीच ठकुरानी व मेह रानी के बीच की खाई को पाटकर हिंदू राष्ट्र निर्माण के लिए आगे बढ़ना पड़ेगा कार्यक्रम में चन्दन तिवारी जिला अध्यक्ष बजरंग दल, करुणाकर मिश्र अच्छेलाल सिंह हरी प्रसाद तिवारी जयप्रकाश मिश्र आजाद कुमार तिवारी विदा कर कमलाकर मिश्र शशि कर मिस्र अमित सुनील सुधाकर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ओगर नगला राजू गोशाला में बायो गैस प्लांट का पीएम करेंगे लोकार्पण : किसानों की आमदनी बढ़ाना लक्ष्य

अलीगढ़ ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता में शामिल गोबर–धन योजना का एकीकृत पोर्टल पिछले महीने ही लांच हुआ था, अब इस इस योजना को अमलीजामा पहनाने का काम भी शुरू हो गया है। सूबे में इस अभियान की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हो चुकी है। प्रत्येक मंडल में एक मॉडल कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र (सीबीजी) स्थापित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले की गभाना तहसील के गांव ओगर नगला राजू स्थित बृहद गो संरक्षण केंद्र में बायो गैस प्लांट तैयार किया गया है। इसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अगस्त को ऑनलाइन लोकार्पण करेंगे। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में गोबर धन योजना में 15वें वित्त आयोग के अनुदान के साथ नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की वित्तीय व्यवस्था से सीबीजी का निर्माण किया गया है। किसानों की आमदनी बढ़ाना लक्ष्य गोबर धन योजना में केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों से पशुओं के गोबर, खेत में बचे अवशेष खरीदकर उसे बायोगैस, सीएनजी और कम्पोस्ट खाद में बदलने का काम करेगी। योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों को स्वच्छ बनाना और किसानों की आमदनी बढ़ाना है। 'वेस्ट टू वेल्थ' एवं 'क्लीन एनर्जी' की संकल्पना पर आधारित यह प्लांट पांच से दस किलोमीटर के दायरे को कलस्टर बनाकर निर्मित किया गया है। इसमें सभी सरकारी और निजी गोशाला के साथ पशुपालकों को जोड़ा गया है। फसल अवशेष और जैविक कचरे के बदले किसानों को निर्धारित धनराशि का भुगतान किया जाएगा। उन्नत तकनीक का सामुदायिक बायोगैस प्लांट गो संरक्षण केंद्र में उन्नत तकनीक का उपयोग कर सामुदायिक मॉडल बायो गैस प्लांट लगाया गया है। यह प्लांट जैविक कचरे के साथ गोबर को भी निष्पादित करने में सहायक होगा। यहां उत्पन्न बायोगैस को कंप्रेस्ड बायोगैस में बदला जाएगा। इससे किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी। निर्वासित पशुओं से उत्पन्न होने वाली समस्याओं का भी कुछ हद तक समाधान होगा। फसल अवशेष जलाने पर भी अंकुश लगेगा। ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार गांव ओगर नगला राजू की गोशाला में करीब 750 गोवंश हैं। इनकी देखभाल के लिए संरक्षकों की नियुक्ति की गई है। गोवंश के गोबर से बायोगैस प्लांट चलाया जाएगा। प्लांट के चालू होने से गोशाला को बाहर से बिजली लेने की जरूरत नहीं रहेगी। इसी प्लांट से गोशाला को बिजली मिलती रहेगी। जरूरत पड़ी तो स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार किसानों से दो रुपये किलो गोबर खरीदकर बायोगैस प्लांट चलाकर बिजली का उत्पादन करेगी। इससे किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ ग्रामीणों को रोजगार भी मिलेगा। बायोगैस प्लांट में गोवंश के गोबर और कृषि के अपशिष्टों से बायोगैस बनेगी। इससे ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ेगी । सरकार इसे मॉडल के रूप में बना रही है। बायोगैस प्लांट का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अगस्त को ऑनलाइन वर्चुअल लोकार्पण करेंगे।

– धनंजय जायसवाल, जिला पंचायत राज अधिकारी

## नियमित करें ध्यान और प्राणायाम– हरीमूर्ति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : योग हमारी प्राचीनतम जीवन शैली की दिव्यता से परिपूर्ण कला कौशल है। यह उच्चतम कोटि की चिकित्सा पद्धति के साथ उच्चतम कोटि की साधना पद्धति भी है। बच्चों को बचपन से ही योग की संस्कारशाला में संस्कारित करके उनके मनोदैहिक स्वास्थ्य को सर्वोत्तम बनाया जा सकता है।यह बातें कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बालिकाओं के लिए चल रहे साप्ताहिक योग प्रशिक्षण शिविर में पतंजलि योग समिति के प्रान्तीय सह प्रभारी अचल हरीमूर्ति के द्वारा कही गई है। अचल हरीमूर्ति के द्वारा बताया गया है की बालिकाएं किसी भी राष्ट्र की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तानांतरित करनें का सबसे सशक्त माध्यम हैं इसलिए हर संभव ढंग से इन्हें स्वस्थ और खुशहाल होना चाहिए। श्री हरीमूर्ति के द्वारा बच्चों को उनकी अवस्था के अनुसार सरल और सूक्ष्म प्रकार के आसन और व्यायामों का अभ्यास कराते हुए योगिक जांगिड़, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वीरभद्र आसनों सहित मकरासन और भुजंगासनों का क्रियात्मक अभ्यास कराते हुए उनसे होनें वाले लाभों को बताया गया। भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी और उद्‌गगीथ प्राणायामों का अभ्यास कराते हुए बताया गया की जब भी नियमित और निरन्तर प्राणायामों के साथ ध्यान का अभ्यास किया जाता है तो व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता के साथ ऊर्जा का स्तर काफी बढ़ जाता है जिससे व्यक्ति की मनोदैहिक स्वास्थ्य सर्वोत्तम बना रहता है। इस मौके पर विद्यालय की वार्डेन शशि श्रीवास्तव, सीता सिंह, रीना यादव,रेखा,विनय यादव और अश्विनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### वृद्धा विधवा पेंशनधारक अपना आधार – मोबाइल नंबर कराएं अपडेट : तभी मिलेगी पेंशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सभी वृद्धा एवं विधवा पेंशनधारक अपना मोबाइल नम्बरऔर आधार नम्बर अपडेट करा लें तभी उनको अब पेंशन मिल पाएगी! यह जानकारी खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव ने दी है। पेंशन विवरण में मोबाइल नम्बर और आधार नम्बर अपडेट कराने के बाद ही पेंशन की अगली किस्त उनके खाते में भेजी जायेगी। खण्ड विकास अधिकारी ने बताया है कि अपने मोबाइल नम्बर तथा आधार नम्बर को आनलाइन करा लें । यह किसी भी सहज जन सेवा केन्द्र अथवा स्वयं के कम्प्यूटर से किया जा सकता है। उन्होंने बताया है कि अभी तक विधवा व वृद्धा के 4641 लाभार्थी ऐसे हैं जिन्होंने आनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है! सहायक विकास अधिकारी पंचायत रणजीत सिंह ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए लोग लोग अपने ग्रामपंचायत के पंचायत मित्र से सम्पर्क कर सकते हैं!

## डेंगू मरीजों की संख्या हुई 36

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर नगर पंचायत में डेंगू मरीज बढ़ने का सिलसिला जारी है। रविवार को चार नये मरीज मिलने से संख्या बढ़कर 36 हो गई। मरीजों की संख्या बढ़ने से लोगों में भय बरकरार है। इस समय नगर क्षेत्र सहित गांवों में भी डेंगू दस्तक देने लगा है! । साथ ही साथ टायफाइड के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। सरकारी व प्राइवेट अस्पताल मरीजों से भर गये हैं। इस संबंध में एसीएमओ डा. एस सी वर्मा ने कहा कि इसके बचाव के लिए घर के आसपास साफ–सफाई, पानी एकत्र न होने दे। साथ ही साथ बुखार से पीड़ित होने पर सरकारी अस्पताल में ही जांच व उपचार फ्री में करायें। इधर अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा सफाई कर्मचारियों से मच्छर मारने की दवा का छिड़काव जगह जगह कराया जा रहा है! उन्होंने ने भी लोगों से सावधानी बरतने की अपील किया है!

### मानवता की मिसाल देख छलक गये परिजनों के आंसू

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : घनश्यामपुर बाजार के लोगों ने मानवता की मिसाल दिखाते हुए चार माह पूर्व बाजार में आए एक अर्ध विक्षिप्त व्यक्ति को न सिर्फ खाना – पीना और कपड़ा देकर उसको अन्यत्र जाने से रोका बल्कि लगातार उसके परिवार की जानकारी भी उससे करते रहे। आखिरकार 21 अगस्त का दिन उसके जीवन में बदलाव लेकर आया, जब सूचना पाकर वाराणसी जिले के मानापुर गांव में रहने वाले उसके परिजन उसे घनश्यामपुर लेने आ गये । कस्बा वासियों की उसके प्रति दरियादिली देख कर परिजनों की आंखों से प्रेमाश्रू छलक पड़े! स्थानीय लोगों ने उसके बाल कटवाए तथा नहला धुला कर उसे खाना खिलाया। परिजनों के साथ घर जाते समय अवनीश वर्मा नामक उस युवक के चेहरे पर भी घनश्यामपुर के लोगों के प्रति स्पष्ट प्रेम दिखाई दे रहा था। पूर्व प्रधान रामजियावन तिवारी लगातार उससे बातें करते रहे। उन्हीं की पहल पर कांग्रेसी नेता जय शंकर दुबे ने मानापुर ग्राम प्रधान के पास जाकर अवनीश वर्मा के घर वालों को सूचना दी। पंचम शर्मा, योगेश शर्मा, लल्लन यादव, मंगल यादव, राजेश मिश्रा, चिंतामणि, लाल साहब, रामकुमार यादव जैसे अनेक स्थानीय लोगों ने हमेशा अवनीश वर्मा की सेवा और सुरक्षा की। अवनीश के उसके घर जाने के बाद लोगों ने आत्म संतोष की सांस ली है।

## एक किलो 24 ग्राम नशीला पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सोमवार को खेतासराय पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी के पास से एक किलो 24 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की चेकिंग के दौरान आरोपी मो0 सलमान निवासी वार्ड नंबर 13 भटियारी सराय नगर पंचायत खेतासराय को मय 1 किलो 24 ग्राम अवैध गांजा (नशीला पदार्थ)के साथ नगर की दीदारगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया । आरोपी के खिलाफ एन डी पी एस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया।

## सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रहा जूनियर हाईस्कूल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के सिपाह मुहल्ला स्थित राजकीय कन्या जूनियर हाई स्कूल में बीते तीन वर्षों से एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहा है। स्कूल में शिक्षकों के पद रिक्त चलने से अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता सता रही है। स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर अभिभावकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कई बार संबंधित विभाग को लिखित व मौखिक अवगत कराया लेकिन विभागीय अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल में तैनात एक शिक्षक का ज्यादातर समय कार्यालय संबंधित कामकाज के साथी मध्याह्न भोजन योजना की देखरेख में निकल जाता है। आखिर एक ही शिक्षक सारे विषयों को कैसे पढ़ाया सकता है। छात्रों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ता है।शिक्षक के छुट्टी पर जाते ही स्कूल में ताला लटक जाता है। प्रभारी प्रधानाध्यापक राजमणि प्रसाद ने बताया कि मार्च 2019 से कोई शिक्षक की नियुक्ति नहीं हुई है। 1 से 8 तक के कक्षाओं में कुल 171 पंजीकृत बच्चे हैं। बच्चों की संख्या के हिसाब से कुल 9 शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए। एबीएससी और बीएसए को इस बाबत कई बार अवगत कराया जा चुका है। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल ने बताया कि उक्त विद्यालय में रिक्त पद जल्द ही नियमानुसार भर्ती की जाएगी।

## 33वां श्री राधा कृष्ण रूपसज्जा प्रतियोगिता सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संस्कार भारती जिला ईकाई द्वारा आयोजित 33वाँ श्री राधाकृष्ण रूपसज्जा' प्रतियोगिता का आयोजन नगर के एक होटल में किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती प्रीति गुप्ता अध्यक्ष सखी फाउन्डेशन, व अनिल गुप्ता अध्यक्ष रोटरी क्लब , संस्था के संरक्षक रविन्द्र नाथ, अध्यक्ष डा.ज्योतिदास, प्रांतीय महामंत्री सुजीत ने किया। इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि जिला सूचना अधिकारी सुश्री मनोकामना राय रही उन्होंनें अपने प्रेरक उद्‌बोधन में कहा कि हमेशा हमें अपने बच्चों को सकारात्मक ऊर्जा से प्रेरित करना चाहिये। इस कार्यक्रम में लल्ला वर्ग, कृष्ण वर्ग, राधा वर्ग व विद्यालयो द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। लल्ला वर्ग में प्रथम स्थान विहान मिश्रा द्वितीय स्थान रूद्रान्श सिंह व तृतीय स्थान पर कार्तिक गुप्ता . रहे। राधा वर्ग में प्रथम स्थान पर अद्विका पाण्डेय, द्वितीय स्थान पर वाणी आर्य व तृतीय स्थान पर आरोही श्रीवास्तव रही. कृष्ण वर्ग में पहला स्थानअदिति वर्मा, दूसरा स्थान सिंद्धांशी श्रीवास्तव व तीसरा स्थान शान्वी श्रीवास्तव का रहा। विद्यालयो के समूह नृत्य प्रदर्शन में प्रथम स्थान टी०डी० एम०सी स्कूल के बच्चों ने प्राप्त किया तथा दूसरा स्थान सेण्ट पैट्रिक सी० से० स्कूल व तीसरा स्थान टिनी ट्वायज स्कूल के बच्चों को मिला.सभी वर्गो के प्रथम तीन स्थान प्राप्त प्रतिभागियो को संस्था द्वारा पुरस्कार, स्मृति चिन्ह वो प्रमाण पत्र प्रदान किया गया. प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीरविकान्त जायसवाल, श्री सूर्य प्रकाश मिश्रा व श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव रही। कार्यक्रम में विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं व गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति बनायें रखी जिसमें प्रमुख रूप से व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह, दुर्गा पूजा महासमिति के पूर्व अध्यक्ष शशोक सिंह रानू, विजय सिंह बागी, लायन्स क्लब 'क्षितिज' के अध्यक्ष विष्णुजी सहाय, लायंस क्लब गोमती के अध्यक्ष व जे सी आई जौनपुर अध्यक्ष संदीप पाण्डेय, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अनिल गुप्त व सचिव सुजीत अग्रहरि, निखिलेश सिंह, अमर उजाला के ब्यूरो चीफ मनीष जायसवाल, इलेक्ट्रानिक मीडिया संघ



के पूर्व अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव पत्रकार टी. डी. एम. सी विद्यालय के प्रबंधक दिलीप सिह बी.आर.पी. इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ सुभाष सिंह, जेब्रा क्लब के अध्यक्ष श्री संजय सेठ, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव, मां मूर्ति फाउन्डेशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र जी, व बहुत से गणमान्य व्यक्ति व बच्चों के अभिवावक गण उपास्थित रहे। इस कार्यक्रम की अपना विशिष्ट सहयोग तृप्ति फूड के विमल गुप्त व स्कन्दगुप्त, न्यू गहना कोटी के तनुज सेठ, उमाशंकर ज्वैलर्स के संजीव साहू, के सन्स, जौनपुर बैकर्स हिलेरियस लाइफ प्रोडक्ट के आदित्य मौर्य, ईशा हास्पिटल, बालाजी ज्वेलर्स, बाबा जी किराना, परसोत्तम राम नरेन्द्र कुमार वैकर्स ज्वेलर्स, बर्तन व्यापार सामिति, तथा अन्य लोगों ने किया संस्था इनका आभार व्यक्त करती है। कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजिका नेहा गुप्ता, मधुलिका अस्थाना, ज्योति श्रीवास्तव,अमित गुप्त, राजेश किशोर, अवधेश जी, मनीष जी, आशीष श्रीवास्तव, अरूण केशरी, बालकृष्ण साहू, सुप्रतीक गुप्ता, दीपक,प्रदीप जिदी प्रमुख रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक गान वन्दे मातरम गान से समापन व आभार डा ज्योति दास ने किया. हुआ। कार्यक्रम का संचालन विष्णु कुमार व ऋषि श्रीवास्तव ने किया।

## तीन माह में हर हाल में हासिल करना है निपुण लक्ष्य– बीईओ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीआरसी परिसर में सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में ब्लाक के सभी प्रधानाध्यापको की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमे शिक्षकों को संकल्प दिलाया गया कि आगामी तीन माह में हर हाल में निपुण लक्ष्य हासिल कर लेंगे। बीईओ ने बैठक में उपस्थित सभी प्रधानाध्यापको को आधार सत्यापन शत–प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। कहा कि शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक अगस्त माह की तीसरे सप्ताह में ब्लाक के सभी स्कूलों पर हो जानी चाहिए। शिक्षक संकुल को बैठक सकुशल संपन्न कराने हेतु बताया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि स्मार्ट क्लास चलाने हेतु सभी विद्यालयों में प्रोजेक्टर एवं स्मार्ट टीवी की आवश्यकता होती है इसलिए सभी प्रधानाध्यापक अपने अपने विद्यालय से संबंधित ग्राम पंचायत में अभिभावकों से संपर्क करते हुए स्मार्ट टीवी क्रय करने हेतु प्रेरित करें । बैठक में प्राथमिक शिक्षक के जिलाध्यक्ष अमित



सिंह, ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, एआरपी शैलेश चतुर्वेदी, अनुपम श्रीवास्तव, सुरेश यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव सिंह लोहिया, ब्लाक मंत्री राजीव उपाध्याय, राजेंद्र प्रताप यादव, संतोष सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, रवि मिश्र, आलोक सिंह, आनंद सिंह, सीमा उपाध्याय, अवंतिका सिंह, उत्तमा चतुर्वेदी, गीता सिंह, अमरावती देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

## वाराणसी डीएम ने जनसुनवाई कर दिया निर्देश : तालाब से अवैध कब्जा न हटवाने पर लेखपाल को शोकॉज नोटिस जारी

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित राइफल क्लब सभागार में जनसुनवाई की। इस दौरान सरकारी तालाब से अवैध कब्जा नहीं हटवाने पर लेखपाल को शोकॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। तालाब से कब्जा हटाने का आदेश मंडलायुक्त की ओर से जारी किया गया था। जनसुनवाई में भू–राजस्व, स्वास्थ्य, अतिक्रमण हटवाने सहित विभिन्न प्रकरण आए। लोहता थाना क्षेत्र के हरपालपुर निवासी संजय कुमार सिंह ने शिकायत दर्ज कराई गयी कि भूमाफिया राम दुलार सिंह पुत्र स्व. जद्दू सिंह ने ग्राम सभा की सार्वजनिक सपंत्ति तालाब व अन्य स्थानों पर अवैध कब्जा कर रखा है। शिकायत के बाद मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने तीन दिन में खाली कराने का निर्देश दिया था। लेकिन 09 माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित



लेखपाल को शोकॉज नोटिस के साथ ही चेतावनी पत्र देने का निर्देश जारी किया। हरहुआ क्षेत्र के ग्राम पंचायत दासेपुर निवासी राजेश नाथ पांडेय ने सीवर ओवरफ्लो की शिकायत की। जिसपर खंड विकास अधिकारी बड़ागांव को जांच कराने का निर्देश दिया गया।

## शराब के नशे में दामाद ने डंडों से पीट–पीटकर ससुर को उतारा मौत के घाट : पुलिस ने किया गिरफ्तार

अलीगढ़ ब्यूरो : थाना दादों के गांव मोहकमपुर में शनिवार रात शराब के नशे में दामाद ने ससुर की डंडों से पीट–पीटकर हत्या कर दी। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने दामाद की धुनाई कर पुलिस को सूचित कर दिया। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के चचेरे भाई ने दामाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गांव मोहकमपुर निवासी 55 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र मेघ सिंह की पत्नी व बेटे की काफी समय पहले मौत हो गई थी। उसने अपनी बेटी की शादी नैनीताल के थाना किच्छा के मोहल्ला मेडिया भट्ठा निवासी किशनपाल पुत्र दीनदयाल के साथ की थी। दो माह से दामाद और बेटी मोहकमपुर में ओमप्रकाश के पास ही रह रहे थे। शनिवार की देर रात ससुर दामाद ने साथ बैठकर शराब पी। तभी किसी बात को लेकर दोनों में गाली गलौज हो गई। इस पर किशनपाल ने ओमप्रकाश की डंडों से पीट–पीटकर हत्या कर दी। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने किशनपाल की जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के चचेरे भाई कुमरपाल सिंह ने आरोपी दामाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी किशनपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# जिला महिला अस्पताल के एमसीएच विंग में कोविड प्रबंधन का किया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिला महिला अस्पताल के एमसीएच विंग में रविवार को एक एम्बुलेंस के कर्मचारी ने फोन कर एक कोविड–19 मरीज लेकर आने के बारे में जानकारी दी। इसके चलते अस्पताल कर्मी स्ट्रेचर, आक्सीजन सिलेंडर के साथ अस्पताल गेट पर तैनात हो गए। मरीज के पहुंचते ही अस्पताल गेट पर उसे आक्सीजन लगा दिया और उसे लेकर एमसीएच विंग के दूसरे फ्लोर पर पहुंच गए। वहां ड्यूटी रूम से निकल कर डाक्टर ने मरीज के कोरोना की पाजिटिव जांच रिपोर्ट और मरीज को देखा। मूलभूत जांचों के बाद स्टाफ नर्स एवं अस्पताल कर्मचारियों को उपचार व सलाह देते हुए मरीज को वार्ड के लिए भेज दिया गया। शासन के निर्देशानुसार कोविड उपचाराधीनों के उपचार की माकड्रिल की गई। माकड्रिल में उपचाराधीनों की स्थिति की गंभीरता के अनुसार उन्हें हाई डेपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू), इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) या आइसोलेशन बेड पर भेजा जा रहा था। जिन मरीजों में कोविड के हल्के लक्षण थे, उन्हें आइसोलेशन वार्ड में रखकर लक्षण के आधार पर (सिम्टोमैटिक) इलाज, देखरेख तथा वाइटल मानीटरिंग की गई। वाइटल मानीटरिंग में रक्तचाप, नाड़ी, श्वसन, तापमान और एसपीओ–2 मेंटेन करने की कोशिश की गई। 95 से कम रहने पर उन्हें आक्सीजन दिया गया। उसके बाद भी आक्सीजन लेवल में सुधार न होने पर एचडीयू वार्ड में भेजा गया। वहां भी आक्सीजन लेवल सही न होने पर हाई फ्लो नेजल कैनुला (एचएफएनसी) का इस्तेमाल किया गया। इस पर भी आक्सीजन लेवल मेंटेन न होने पर मरीज को गंभीर (सीवियर) समझकर आईसीयू में भर्ती कर वेंटिलेटर के माध्यम से इलाज किया गया। महामारी रोग विशेषज्ञ डा जियाउलहक ने बताया कि कोविड में मरीजों की स्थिति के अनुसार उनकी तीन श्रेणी बनाई गई। पहली श्रेणी में हल्के कोविड लक्षण वाले मरीजों को आइसोलेशन वार्ड में रखकर इलाज करते हैं। दूसरी श्रेणी को माडरेट या हल्का गंभीर मानते हैं। ऐसे मरीजों में देखते हैं कि उनमें पहले से कोई को–मॉर्बिडिटी तो नहीं है। को–मॉर्बिडिटी में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, टीबी, कैंसर, सीओपीडी, अस्थमा के मरीज आते हैं। उन्हें एचडीयू में रखकर बाईपेप मशीन तथा एचएफएनसी का उपयोग करते हैं। मरीज की गंभीरता की लगातार देखरेख करने के लिए मल्टी पैरा मानीटर की सुविधा रहती है जिसके माध्यम से उसकी वाइटल मानीटरिंग की जाती है। वाइटल मानीटरिंग में मरीज का रक्तचाप, श्वसन, नाड़ी, तापमान और एसपीओ–2 की निगरानी करते हैं। एसपीओ–2 में मरीज के हर सेकेण्ड की आक्सीजन की स्थिति को देखते हैं। मल्टी पैरा मानीटर मशीन से ही इको–कार्डियोग्राफी (ईसीजी) भी देखते रहते हैं। इसके अलावा कोविड से ग्रसित बच्चों को इनफ्यूजन पम्प सिरिंज के जरिए उनकी उम्र और वजन के अनुसार दवा दी जाती है। इसमें सामान्यतया उन मरीजों को रखते हैं जिनका एसपीओ–2 लेवल 85 से 90 के बीच रहता है। ऐसी स्थिति में एचएफएनसी का इस्तेमाल करते हैं। एचडीयू और आईसीयू वार्ड में आक्सीजन अलार्मिंग की भी सुविधा रहती है जो आक्सीजन प्रेशर कम होने पर आवाज करने लगता है। इस मौके पर संयुक्त निदेशक डा एमपी सिंह, जिला सर्विलांस अधिकारी (डीएसओ) डा संतोष जायसवाल, सीएमएस डा तबस्सुम बानो, एमसीएच विंग के नोडल डा संदीप सिंह, एसीएमओ डा एसपी मिश्रा, सर्विलांस मेडिकल आफिसर (एसएमओ) डा अभिजीत जोशे, रेडियोलॉजिस्ट डा एके पांडेय, पीडियाट्रिक्स डा दीपक जायसवाल, जिला महिला अस्पताल प्रबंधक डा आशीष यादव, नर्सिंग स्टाफ इंचार्ज प्रदीप गुप्ता एवं रुद्रेश, आपरेशन टेक्नीशियन (ओटी) बृजेश और निधी सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में निष्पादन समिति की समीक्षा बैठक जनसुनवाई कक्ष में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न निष्पादन समिति की समीक्षा बैठक जनसुनवाई कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में बसुही नदी के नहर से गाद निकालने के संबंध में सहायक अभियंता सिंचाई द्वारा अवगत कराया गया था कि भीलमपुर से बांधवा तक बसुही नदी की गाद निकालने का कार्य किया गया है, जिसका भुगतान नहीं हुआ है। सहायक अभियंता द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि बधवा बाजार के आगे बसुही नदी की गाद निकालने का शेष कार्य निधि की अनुपलब्धता के कारण पूरा नहीं किया जा रहा है। उपरोक्त से अवगत होने के उपरांत जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा भूपेंद्र सिंह को निर्देश दिया कि बसुही नदी की गाद निकालने का शेष कार्य खण्ड विकास अधिकारी से सहयोग प्राप्त कर मनरेगा के माध्यम से किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग एवं डीसी मनरेगा के साथ समन्वय स्थापित कर प्रगति से समिति को अगली बैठक में अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बसुही नदी में वरूणा नदी के संगम से 100 मीटर पूर्व कंस्ट्रक्टेड वेटलैंड (सीडब्ल्यूएस) निर्मित करने एवं तटबंधों पर वृक्षारोपण कराये जाने हेतु सिंचाई विभाग एवं वन विभाग को निर्देश देते हुए अगली बैठक में प्रगति से समिति को अवगत कराने के निर्देश दिये गए। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा ,एस डीएफओ डॉ उमेश तिवारी, शिव शंकर एवं हरिश्चंद्र यादव उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आइजीआरएस संबंध में बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आइजीआरएस संबंध में बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) विकास खण्ड के समस्त ग्राम पंचायत सचिव एवं ऑपरेटर को आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई । जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतो के निस्तारण के दौरान स्थलीय सत्यापन करते हुए शिकायतकर्ता से वार्ता की जाए और उन्हें संतुष्ट किया जाए । ई– डिस्टिक मैनेजर प्रतीक उपाध्याय ने सभी को आईजीआरएस से सम्बंधित बारीकियों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं सीलम तेजा, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# स्मार्ट सिटी के सरकारी स्कूलों के क्लासरूम भी हो रहे हैं स्मार्ट : एक क्लास पर इतना आया खर्च

प्रयागराज ब्यूरो : स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में शहर के साथ ही सरकारी स्कूलों को भी स्मार्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अब बच्चे स्मार्ट तरीके से पढ़ाई कर सकेंगे। इसके अंतर्गत स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम तैयार कराए जा रहे हैं। इसमें सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। संगम नगरी प्रयागराज में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत दो फेज में स्कूलों को अभी तक स्मार्ट बनाया गया है। फेज एक और फेज दो में कुल 20 स्कूलों का चयन किया गया है। इसमें इंटर कॉलेज के साथ ही प्राथमिक स्तर के विद्यालय भी शामिल हैं। इन सभी 20 स्कूलों में प्रोजेक्ट के अंतर्गत 326 स्मार्ट क्लास रूम बनाए गए हैं। प्रत्येक स्मार्ट क्लासरूम को तैयार कराने में दो से ढाई लाख रुपये खर्च हुए हैं। प्रोजेक्ट अधिकारियों के मुताबिक, इसमें इन क्लास रूम के पांच सालों के मेंटेंनेस का खर्च भी इसी में शामिल किया गया है। इससे क्लास रूम में किसी भी प्रकार की खराबी होने पर स्कूल तत्काल संबंधित एजेंसी से संपर्क करके उसकी मरम्मत करा सकेंगे। इससे स्मार्ट क्लास रूम के संचालन में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। इन स्कूलों में बने हैं स्मार्ट क्लासरूम स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत चयनित स्कूलों में राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सिविल लाइंस, कटरा और फाफामऊ, केपी इंटर कॉलेज, सीएवी इंटर कॉलेज, मजिदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज शामिल हैं। इसके अलावा डीपी गर्ल्स इंटर कॉलेज, मैरी वाना मेकर गर्ल्स इंटर कॉलेज, भारत स्काउट एंड गाइड इंटर कॉलेज, महिला सेवा सदन इंटर कॉलेज, महिला ग्राम इंटर कॉलेज, क्रास्थवेट गर्ल्स इंटर कॉलेज, जमुना क्रिश्चियन इंटर कॉलेज शामिल हैं। साथ ही प्राथमिक विद्यालय एलनगंज, लूकरगंज, हरवारा और कर्नलगंज इंटर कॉलेज व एंग्लोबंगाली इंटर कॉलेज में भी स्मार्ट क्लास बनाए गए हैं। सात स्कूलों में




बनें हैं 15 स्पोर्ट्स कोर्ट प्रयागराज। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में बच्चों के खेलने के लिए बेहतर स्पोर्ट्स कोर्ट भी तैयार कराए गए हैं। इसमें बच्चों को शुरू से ही खेल को समझने और खेलने के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इसमें टेनिस कोर्ट, बास्केबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, हैंडबाल कोर्ट, वालीबॉल कोर्ट और क्रिकेट नेट प्रैक्टिस के लिए व्यवस्था की गई है। प्रोजेक्ट चयनित स्कूलों में जीआईसी, हिंदू महिला गर्ल्स इंटर कॉलेज, केपी इंटर कॉलेज, सीएवी इंटर कॉलेज, केपी गर्ल्स इंटर कॉलेज, मैरीवाना मेकर गर्ल्स इंटर कॉलेज, भारत स्काउट गाइड इंटर कॉलेज, प्रयाग महिला विद्या पीठ गर्ल्स इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज शामिल हैं। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में कई तरह के कार्य चल रहे हैं। इसमें सरकारी स्कूलों में बेहतर सुविधाएं देना भी शामिल है। बजट के हिसाब से स्कूलों का चयन करके वहां पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। – चंद्र मोहन गर्ग, सीईओ, सिटी प्रोजेक्ट प्रा. लि. व नगर आयुक्त प्रयागराज

# बनारस में बिन बारिश ही लौट जा रहे बादल : एक बार फिर धूप–उमस कर रही परेशान

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी समेत आसपास के जिलों में मौसम का हाल बेहाल है। झमाझम बारिश नहीं हो रही मगर पूर्वांचल में गंगा उफान पर है। बिन बारिश ही बादल लौट जा रहे हैं। वाराणसी में सोमवार सुबह से तेज धूप निकली है। पिछले तीन–चार दिन से चल रहीं नम हवाओं से मौसम का मिजाज ठंडा था लेकिन अब एक बार फिर से गर्मी और उमस से होने लगी है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, अगले दो तीन दिनों में बारिश जैसी स्थिति कम ही बनेगी। दिन में बादल और धूप से उमस बढ़ेगा। वाराणसी में बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य रहा। न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गंगा का जलस्तर घटने से कम हुई दहशत बनारस में गंगा का जलस्तर सोमवार सुबह पांच बजे से घटने लगा है। सुबह नौ बजे गंगा का जलस्तर 69.69 मीटर दर्ज किया गया। इससे तटवर्ती इलाकों के साथ ही स्थानीय लोगों ने भी राहत की सांस ली है। गंगा में भले ही जलस्तर कम होना शुरू हो गया हो, लेकिन लोगों की दुश्वारियां कम नहीं हुई हैं। सभी घाटों का आपसी संपर्क खत्म है। बाढ़ की वजह से हरिश्चंद्र घाट की गलियों



में शवदाह हो रहा है। जबकि गंगा आरती का स्थल पूर्व में ही छत पर किया जा चुका है। बीते सात दिनों से बढ़ाव के बाद रविवार सुबह गंगा के जलस्तर में ठहराव आया और सोमवार सुबह से जलस्तर में गिरावट शुरू हुई। हालांकि बलिया में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर है। मौसम में बदलाव से हो रहे बीमार बदलते मौसम के बीच शहर से लेकर गांव तक मच्छर जनित रोगों का खतरा बढ़ने लगा है। प्राइवेट अस्पतालों के साथ ही सरकारी में मरीजों की भरमार है। पांच से सात सौ तक की होने वाली ओपीडी अब एक हजार के आंकड़े को पार कर रही है। थोड़ी भी आशंका होने पर चिकित्सक मलेरिया, डेंगू और टाइफाइड की जांच करा रहे हैं। वाराणसी में डेंगू का दो केस सामने आया है। दो की रिपोर्ट का इंतजार है।

# दहेज में बुलेट नहीं मिलने पर पत्नी का सिर मुंडवाकर दिया तीन तलाक : घर से निकाला : पीड़िता ने मांगा न्याय

मेरठ ब्यूरो : मेरठ में दहेज में बुलेट बाइक नहीं मिली तो पति ने पत्नी को तीन तलाक दे दिया। महिला ने सिर मुंडाने का भी आरोप लगाया है। एसएसपी ऑफिस पहुंची इत्तेफाकनगर की पीड़िता ने बताया कि उसका निकाह दो साल पहले अफजलपुर पाउटी निवासी अहमद अली से हुआ था। आरोप है कि अहमद निकाह के बाद से ही बुलेट बाइक मांग रहा था। मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट की और सात जून को उसका सिर मुंडवा दिया। मायके में पंचायत के महिला को दोबारा सुसराल भेज दिया। महिला का कहना है कि 14 अगस्त को तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। तभी विवाहिता मायके पक्ष के लोगों के साथ थाने पहुंची थी। उस समय पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। शनिवार को पीड़िता एसएसपी के सामने पेश हुई। पीड़िता की शिकायत पर कंकरखेड़ा पुलिस



ने दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक का मुकदमा दर्ज किया है। सीओ अरविंद चौरसिया का कहना है कि मुकदमे में पीड़िता ने बाल काटने का जिक्र नहीं किया है। दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक का आरोप लगाया है। अभी जांच की जा रही है।

# एनसीआर में लगातार जहरीली हो रही हवा : मेरठ में 40 दिन में पीएनजी में बदलनी होंगी 600 फैक्टरियां

मेरठ ब्यूरो : मेरठ शहर को प्रदूषण से राहत दिलाने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने 30 सितंबर तक संचालकों को फैक्टरियां पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) में बदलने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद औद्योगिक इकाइयों में कोयले के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी। आयोग के नोटिस के बाद क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी ने कहा है कि अगर तय समय तक बदलाव नहीं किया तो जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं उद्यमियों का कहना है कि 40 दिन में यह बदलाव संभव नहीं। इसके लिए समय सीमा कम से कम तीन वर्ष की जाए। मेरठ में हवा की गुणवत्ता की स्थिति चिंताजनक है। हर वर्ष सितंबर से दिसंबर के बीच हवा दमघोंटू हो जाती है। पंजाब–हरियाणा की पराली के साथ वाहनों और फैक्टरियों से होने वाले प्रदूषण को इसकी बड़ी वजह माना जा रहा है। इस बार वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने प्रदूषण पर रोकथाम के लिए पहले ही तैयारियां तेज कर दी हैं। आयोग ने औद्योगिक



इकाइयों को पीएनजी में बदलने की स्थिति पर ताजा रिपोर्ट मांगी है। वहीं फैक्टरी संचालकों का तर्क है कि पीएनजी महंगी है। अकेले मेरठ में ही 600 से ज्यादा औद्योगिक इकाइयों में से पीएनजी पर सिर्फ 50 के करीब ही हैं। पूरे एनसीआर में 25 हजार से ज्यादा औद्योगिक इकाइयां हैं।

# दिन निकलते ही हत्याओं से दहला मेरठ : कंकरखेड़ा के बाद हस्तिनापुर में युवक की हत्या : जंगल में मिला शव

मेरठ ब्यूरो : मेरठ में सोमवार को दिन निकलते ही बदमाशों ने दो बड़ी हत्याओं को अंजाम दिया। यहां कंकरखेड़ा क्षेत्र में जहां एक युवक की बेरहमी से गला काटकर हत्या कर दी गई। वहीं हस्तिनापुर के ग्राम कुंडा में भी एक युवक का क्षत विक्षत शव खेत में पड़ा मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि युवक की हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हत्या के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के अनुसार कुंडा निवासी बिट्टू (24) उर्फ कालिया रविवार देर शाम तक गांव में ही मौजूद था। किसी भी ग्रामीण या परिजनों को इसकी कोई भनक नहीं थी कि वह गांव से बाहर है लेकिन सोमवार सुबह जब ग्रामीण जंगल के लिए जा रहे थे, तो गांव से कुछ दूरी पर मुर्गी फार्म के समीप बिट्टू उर्फ कालिया का शव पड़ा दिखाई दिया। शव पड़ा होने से गांव में सनसनी फैल गई।

मेरठ में सोमवार को दिन निकलते ही बदमाशों ने दो बड़ी हत्याओं को अंजाम दिया। यहां कंकरखेड़ा क्षेत्र में जहां एक युवक की बेरहमी से गला काटकर हत्या कर दी गई। वहीं हस्तिनापुर के ग्राम कुंडा में भी एक युवक का क्षत विक्षत शव खेत में पड़ा मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार



प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि युवक की हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हत्या के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के अनुसार कुंडा निवासी बिट्टू (24) उर्फ कालिया रविवार देर शाम तक गांव में ही मौजूद था। किसी भी ग्रामीण या परिजनों को इसकी कोई भनक नहीं थी कि वह गांव से बाहर है लेकिन सोमवार सुबह जब ग्रामीण जंगल के लिए जा रहे थे, तो गांव से कुछ दूरी पर मुर्गी फार्म के समीप बिट्टू उर्फ कालिया का शव पड़ा दिखाई दिया। शव पड़ा होने से गांव में सनसनी फैल गई।

## एसएसपी बनकर सीओ– थानेदार व ऊर्जा मंत्री बनकर एसडीओ–जेई को करते थे फोन

प्रयागराज ब्यूरो : अफसरों के मोबाइल नंबर हैक कर अधीनस्थों को फोन करने वाले हैकरों से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पता चला है कि वह एसएसपी बनकर सीओ–थानेदार और ऊर्जा मंत्री बनकर एसडीओ–जेई को फोन करते थे। एक आरोपी श्यामेंद्र उपाध्याय तो इसी हनक की बदौलत एक एक्सईएन व पूर्व एसडीओ की गाड़ी में भी घूमने लगा था। पुलिस ने एक दिन पहले ही रामनगर निवासी श्यामेंद्र और सोरांव गांव निवासी अंकित शुक्ला को जेल भेजा है। सूत्रों ने बताया कि उनसे पूछताछ में बेहद चौंकाने वाले खुलासे हुए। एसएसपी का सीयूजी नंबर हैक कर मेजा सीओ अमिता सिंह के पास भी फोन किया था। जमीन पर कब्जे के मामले में एक पक्ष की मदद करने का दबाव बनाया था। हालांकि सीओ का कहना है कि शक होने पर उन्होंने जांच पड़ताल की तो पता चला कि यह किसी की शरारत थी। इसके बाद उन्होंने साइबर सेल में शिकायत भी दर्ज कराई थी। आरोपी खुद को बताता था ऊर्जा मंत्री का खास श्यामेंद्र बिजली विभाग में ठेकेदारी करता था। उसने पूछताछ में बताया कि वह खुद को तत्कालीन ऊर्जा मंत्री का खास बताता था। कई बार अपनी पैरवी में उसने ऊर्जा मंत्री बनकर बिजली विभाग के अफसरों को फोन भी किया था। यही वजह थी कि स्थानीय अधिकारियों के बीच उसकी अच्छी पैठ थी। तो एसओ को झांसा देकर दर्ज कराई एफआईआर? मेजा थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह के पास भी आरोपियों ने फोन किया था। पुलिस का एक बड़ा अधिकारी बनकर मारपीट के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई को कहा था। इस मामले में श्यामेंद्र की तहरीर पर एफआईआर भी दर्ज हुई थी। चर्चा है कि यह एफआईआर भी आरोपियों ने पुलिस के एक बड़े अफसर का नंबर हैक कर कराई थी। अफसर बनकर थानेदार के पास फोन किया, जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज हुई। हालांकि एसओ इससे इंकार करते रहे। उनका कहना है कि आरोपी के बेटे से मारपीट हुई थी और जांच पड़ताल के बाद ही एफआईआर दर्ज की गई थी। बाबुओं की की थी सिफारिश चर्चा यह भी है कि इन हैकरों ने तहसील में भी अपना जाल बिछाया गया था। इन्होंने कई लेखपालों के स्थानांतरण की भी सिफारिश की थी। इसके अलावा मेजा तहसील के कई बाबू इन्हीं की बदौलत आठ–10 सालों से भी ज्यादा समय से मेजा तहसील में ही डटे हैं। यूट्यूब से सीखा एप का इस्तेमाल पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि उन्होंने एप प्लेस्टोर से डाउनलोड किया। साथ ही यूट्यूब से इसे इस्तेमाल करने का तरीका सीखा।

# मृतका व जेठानी के मोबाइल से मिले अहम सुराग : तीन गिरफ्तार

प्रयागराज ब्यूरो : कोरांव में घर के भीतर सो रही शबा बानो (25) की गला रेतकर हत्या के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है। यह वह हैं जिनकी शबा और उसकी जेठानी से फोन पर बात होने की बात जांच पड़ताल में सामने आई है। पुलिस तीनों से पूछताछ में जुटी है। इनमें से दो युवक गांव के ही, जबकि एक पड़ोस के गांव का है। घटना वाली रात भी इनमें से एक युवक ने एक मोबाइल पर कॉल की थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल उनकी लोकेशन वारदात वाली रात घटनास्थल पर नहीं मिली है। लेकिन शक के आधार पर उनसे पूछताछ की जा रही है। मृतका के मोबाइल पर पड़ी थी नौ मिस्ड कॉल उधर, शबा के मोबाइल की जांच में पता चला है कि घटना वाली रात उसके मोबाइल पर कुल नौ मिस्ड कॉल पड़ी थीं। पुलिस ने मौके से ही उसका मोबाइल बरामद किया था। यह बात भी पता चली है कि घटना वाली रात जिन नौ अलग–अलग नंबरों से उसके मोबाइल पर कॉल की गई, इनमें से एक नंबर उसके सूरत में रहने वाले रिश्ते के भाई का भी था। हालांकि फोन न उठने के कारण बात नहीं हो पाई थी। पुलिस का कहना है कि उसकी लोकेशन घटना वाली रात सूरत में ही है। लेकिन उससे पूछताछ की जाएगी। गांव में ही हुआ अंतिम संस्कार उधर, शबा का अंतिम संस्कार रविवार को गांव में ही हुआ। गमजदा माहौल में परिजनों ने उसे सुपुर्द ए खाक किया। इस दौरान पिता व अन्य परिजनों की आंखें भर आईं। इससे पहले परिजन शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए रवाना हुए, तो ग्रामीणों की भी आंखें नम हो गईं। दोपहर में उसका पति नौशाद भी आ गया। पत्नी की लाश देखकर वह भी गम में डूबा रहा।

## जिलाधिकारी द्वारा सद्भावना पुल के निकट हनुमान घाट के सुंदरीकरण कार्य का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा सद्भावना पुल के निकट हनुमान घाट के सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य के प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने घाट के निकट गंदगी देखकर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर संतोष कुमार को निर्देशित किया कि साफ – सफाई के कार्य कराया जाए। घाट की बगल के निकट कुछ लोगों के द्वारा जानवर पाले गए, जिनका गोबर सीधे नदी में गिरता है, उन्हें नोटिस देने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिये गए। निरीक्षण में नमामि गंगे के द्वारा बनाए जा रहे पंपिंग सेट के निर्माण कार्य रुका पाया जिसे देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और निर्देशित किया कि कार्यदाई संस्था के द्वारा तुरंत कार्य नहीं शुरू किया गया तो एफ आई आर दर्ज करा कर ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने शाही किला के पास कूड़ा डंपर न करने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिया । उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर ज्योति सिंह को निर्देश दिया कि नगर मजिस्ट्रेट से समन्वय कर किला और सद्भावना पुल के क्षेत्र को सुंदर , आकर्षक बनाए जाने की कार्यवाही करें।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।